कार्यालय, निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

दूरभाष –0151–2226551 ई मेल– aayukt.ele@gmail.com

क्रमांकः शिविरा / प्रारं / एसआईक्यूई / EBSB / 19571 / 2021 / 2000 दिनांकः 16/4/2021

समस्त संस्था प्रधान,
राउमावि / राबाउमावि / रामावि / राबामावि / राउप्रावि / राबाउप्रावि / राप्रावि / राबाप्रावि

**विषयः एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम की सफल क्रियान्विति बाबत्।**
**प्रसंगः रास्कूशिप / जय / गुणवत्ता / 2020–21 / 20622 दिनांकः 23.03.2021 एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के पत्रांक F.N–1–7 / 2019–IS-5(pt-2)/KT, F.N– 1–7 / 2019–IS-5(pt-3)/KT**

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के प्रसंगोक्त पत्रानुसार 'एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम' की क्रियान्विति राज्य के विद्यालयों के माध्यम से की जानी है। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्मतिथिः 31 अक्तूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी जाती है। 31 अक्तूबर, 2015 से मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में भारत की सांस्कृतिक, साहित्यिक, भाषायी अनेकताओं में एकता को समाहित करने हेतु **भाषा संगम कार्यक्रम** प्रारम्भ किया गया था। इस कार्यक्रम की क्रियान्विति हेतु देश की 22 भाषाओं के वाक्य प्रतिदिन विद्यालयों की प्रार्थना–सभा में विद्यार्थियों को प्रभारी शिक्षक द्वारा पढ़कर सुनाये जाते थे। विद्यार्थी इन वाक्यों को सुनकर बोलने का अभ्यास करते थे। जिससे विद्यार्थियों को देश की विभिन्न भाषाओं का सामान्य परिचय हो सके। इसी कार्यक्रम की श्रृंखला में शिक्षा मंत्रालय के अनुसार राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता को अक्षुण्ण बनाये रखने, देश की भावी पीढ़ी को सुसंस्कारित करने एवं देश की संस्कृतियों, रीति–रिवाजों, परंपराओं, वेशभूषा आदि का आदान–प्रदान कर एक राज्य से दूसरे राज्य के साथ संपर्क स्थापित करने हेतु विद्यालयों के माध्यम से 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम की क्रियान्विति करवाई जानी है, जिसका मूल उद्देश्य 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम द्वारा स्कूल शिक्षा के विद्यार्थियों के माध्यम से भारत के राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में आपसी समन्वय स्थापित कर राष्ट्र में एकता एवं अखण्डता की कड़ी को मजबूत बनाया जाना है।

**एक भारत श्रेष्ठ भारत का उद्देश्यः–**

- हमारे देश के नागरिकों के बीच पारंपरिक प्रचलित भावनात्मक संबंधों के ताने–बाने को मजबूत करना एवं हमारे देश की अनेकता में एकता का उत्सव मनाना।
- सभी भारतीय राज्यों एवं केंद्र–शासित प्रदेशों के मध्य गहन संरचित संबंधों के द्वारा राष्ट्रीय एकता को विकसित करना।
- विभिन्न राज्यों / केंद्र–शासित प्रदेशों की विरासत, संस्कृति, रीति–रिवाज, परंपराओं को समझना, प्रशंसा करना एवं संवर्धित करना।
- चिरकालिक संबंधों हेतु राज्यों / केंद्र–शासित प्रदेशों में आपसी समन्वय स्थापित करना।
- भारत के राज्यों एवं केंद्र–शासित प्रदेशों के मध्य बेस्ट प्रेक्टिस एवं अनुभवों द्वारा संस्कृतियों को समझने हेतु वातावरण निर्माण करना।

**एक भारत श्रेष्ठ भारत का विजनः–**

- भारत की विभिन्न सांस्कृतिक व भौगोलिक परिस्थितियों, वन्यजीवों, वनस्पतियों, संगीत, नृत्य, नाटक, फिल्म, हस्तकला, खेल, साहित्य, त्यौहार, चित्रकला, मूर्तिकला आदि की जानकारी देना एवं आपसी समन्वय स्थापित करना।
- देश के राज्यों एवं केंद्र–शासित प्रदेशों का आपस में भौगोलिक एवं सांस्कृतिक परिचय कराना।
- विभिन्न संस्कृतियों एवं परंपराओं के बीच अन्तर्सम्बन्धों को विकसित करना।
- एक राज्य की दूसरे राज्य के साथ पारस्परिक सौहार्दपूर्ण समझ विकसित करना एवं राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करना।

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के सहभागी राज्यः– ( असम एवं राजस्थान ) राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए एक भारत श्रेष्ठ भारत के अन्तर्गत प्राकृतिक सौंदर्य की भूमि– असम को वीरों की भूमि राजस्थान के साथ जोड़ा गया है। दोनों राज्य पर्यटन, खेल एवं गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध है।

राजस्थान राज्य के विद्यार्थी असम राज्य की भाषा, परम्पराओं, खान–पान, वेशभूषा, लोकनृत्य, वनस्पतियों, संगीत आदि का ज्ञान प्राप्त करेंगे एवं असम राज्य के विद्यार्थी राजस्थान राज्य की भाषा परम्पराओं, खान–पान, वेशभूषा,

लोकनृत्य, वनस्पतियों, संगीत, एवं औषधियों आदि के बारे में ज्ञान अर्जित करेंगे। सामान्य रूप से विद्यार्थी विद्यालय समय में डिजिटल माध्यम (फोटोज/वीडियो) से राजस्थान के विद्यार्थी असम की बोलचाल की भाषा, आदि का भी अभ्यास करेगें। असम एवं राजस्थान के जोड़ी राज्यों के EBSB से संबंधित गतिविधियों का क्रियान्वयन निम्नानुसार किया जायेगा:–

1. सभी राजकीय विद्यालयों में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के संचालन हेतु EBSB Club का गठन किया जावे। राज्य के सभी विद्यालयों (राउप्रावि/रामावि/राउमावि बालिका विद्यालयों) में क्लब का गठन कर संलग्न प्रारूप में रिपोर्ट ब्लॉक कार्यालय से मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को प्रेषित करेंगे। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा आवश्यक रूप से नोडल प्रभारी, निदेशालय प्रा.शि. राजस्थान बीकानेर को मेल आईडी ebsb.rajasthan@gmail.com पर EBSB Club के गठन की सूचना प्रेषित की जावे। (प्रारूप संलग्न)
2. प्रत्येक वर्ष सभी विद्यालयों में जोड़ी राज्य की न्यूनतम 4 गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।
3. राजस्थान के 10 विद्यालयों के विद्यार्थियों का वार्तालाप/सम्पर्क असम राज्य के 10 विद्यालयों से कराया जाना है। ( चयनित विद्यालयों की सूची पृथक से प्रेषित की जाएगी। )
4. स्कूल शिक्षा विभाग की विभागीय वैबसाइट पर EBSB प्रगति हेतु Microweb–page पर जिलों के लिए 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के आयोजन हेतु विभिन्न गतिविधियों की अपेक्षित सामग्री उपलब्ध करायी जाएगी। इसी पेज पर जिलों से प्राप्त EBSB Activity or Best practice /Videos/photos upload किये जायेंगे।
5. RSCERT, उदयपुर द्वारा राजस्थान राज्य के रीति–रिवाजों, वन्यजीवों, वनस्पतियों, संगीत, नृत्य, लोकनृत्य, नाटक, फिल्म, हस्तकला, पारम्परिक खेल, साहित्य, त्यौहार, चित्रकला, मूर्तिकला, आदि की डिजिटल सामग्री की मैपिंग का काम किया जाएगा। सांस्कृतिक मैपिंग के द्वारा जोड़ी राज्यों (असम व राजस्थान) के विद्यालयों के विद्यार्थियों का सांस्कृतिक गतिविधियों से सम्बन्धित प्लान बनाया जाएगा।
6. इस डिजिटल सामग्री को जोड़ी राज्य असम के लिये राजस्थान राज्य की तरफ से कला संस्कृति से परिचय हेतु लाभान्वित किया जाएगा। यह सामग्री Microweb–page पर निदेशालय, बीकानेर द्वारा अपलोड की जाएगी।
7. निदेशालय द्वारा सांस्कृतिक मैपिंग को स्वयम् (SWAYAM) पोर्टल पर शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के EBSB–page पर अपलोड किया जाएगा।
8. RSCERT, उदयपुर द्वारा जोड़ी राज्यों की वर्णमाला/गीत/ कहावतों/ शब्दों से विद्यार्थियों का परिचय कराने हेतु 100 वाक्य तैयार किए जायेंगे।
9. राज्य के सभी विद्यालयों में EBSB Incharge नियुक्त किये जायेंगे।
10. RSCERT द्वारा एकीकृत EBSB गतिविधियों का अकादमिक कलेण्डर ( पंचांग ) जारी किया जाएगा जिसमें विद्यालयों की दैनिक, मासिक एवं त्रैमासिक गतिविधियों के आयोजन को शामिल किया जायेगा। यह पंचांग जीवन कौशल/अधिगम कौशल/मीडिया कौशल के साथ लिंक्ड होगा। इसके अनुसार पाठ्य–सहगामी क्रियाओं के साथ EBSB गतिविधियां करवाई जाएगी।
11. सभी विद्यालयों के संस्था–प्रधानों को EBSB गतिविधियों की गाइडलाइन की पालना हेतु पाबंद किया जाता है एवं निर्देशित किया जाता है कि विद्यालयों में ऑनलाइन/ऑफलाइन मॉड पर दैनिक, मासिक एवं त्रैमासिक गतिविधियाँ आयोजित करना सुनिश्चित करेंगे। इन गतिविधिगों हेतु अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन नहीं किया जाए।
12. EBSB गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रस्तुतीकरण के लिए विद्यार्थियों को प्रमाण–पत्र दिए जाएंगे।
13. EBSB कार्यक्रम के तहत आयोजित गतिविधियों का प्रचार–प्रसार समुचित ढ़ंग से किया जाए। साथ ही नवाचारों एवं प्रभावी तरीके से EBSB को विस्तृत समुदायों तक पहुंचाने का प्रयास करें।
14. EBSB कार्यक्रम के तहत विद्यालयों/विद्यार्थियों द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों को समुचित फोटो, highlights के साथ राजस्थान की शिक्षा विभागीय पत्रिका/कलैण्डर/डायरी में प्रकाशित किए जाएंगे।
15. राजस्थान राज्य के द्वारा प्रतिवर्ष EBSB कार्यक्रम की गतिविधियों की सामग्री को publish/e-publish किया जाएगा।
16. EBSB गतिविधियों के लिए डिजिटल माध्यम का उपयोग किया जा सकेगा, जिससे जोड़ी राज्यों के संबध परस्पर बेहतरीन बनेंगे।
17. EBSB कार्यक्रम की क्रियान्विति के लिए राज्य/संभाग/जिला/ब्लॉक/विद्यालयों हेतु निम्नानुसार दिशा–निर्देश जारी किये जाते हैं।

18. राज्य स्तर प्रबोधन :–

- राजस्थान राज्य के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के नोडल अधिकारी अतिरिक्त निदेशक ( प्रशासन ), निदेशालय, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान होंगे।
- राज्य स्तर पर निदेशालय, प्रारम्भिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर एवं राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर तीनों एजेन्सी नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की गतिविधियों का संचालन करेंगी।
- 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम की जिला/ब्लॉक एवं विद्यालय स्तर पर समिति द्वारा मोनिटरिंग की जाएगी।

EBSB जिला समिति सदस्यः–

1. जिला शिक्षा अधिकारी ( मुख्यालय ), प्रा.शि.
2. जिला शिक्षा अधिकारी ( मुख्यालय ), मा.शि.
3. अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय ), प्रा.शि.
4. अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ( मुख्यालय ), मा.शि.
5. UCEEO 2
6. तकनीकी विशेषज्ञ कम्प्यूटर

EBSB ब्लॉक समितिः–

1. CBEO
2. ACBEO प्रथम
3. PEEO–2
4. तकनीकी विशेषज्ञ कम्प्यूटर

EBSB विद्यालय समितिः–

1. संस्था–प्रधान अध्यक्ष
2. कक्षाध्यापक उच्चतम कक्षा, सदस्य
3. विज्ञान, हिन्दी, सामान्य ज्ञान के विषयाध्यापक सदस्य (दो)
4. SMC /SDMC सदस्य (एक)

19. राज्य स्तरीय समिति के कार्यः–

1. निदेशालय, प्रारम्भिक/माध्यमिक शिक्षा प्रभारी द्वारा नोडल अधिकारी को मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना।
2. EBSB गतिविधियों के संचालन हेतु कलैण्डर बनाकर जिलों से क्रियान्विति कराना।
3. RSCERT, उदयपुर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराये जायेंगे। असम दिवस 2 दिसम्बर, 2020–21 की तैयारी एवं दिशा–निर्देश जारी करना।
4. RSCERT, उदयपुर द्वारा असम एवं राजस्थानी भाषा के 100 वाक्य तैयार करना।
5. विद्यालयों से ब्लॉक, ब्लॉक से जिला एवं जिला स्तर से राज्य स्तर पर डाटा संकलन करना।
6. प्रतिमाह EBSB की एक्टिविटी का वीडियो अपलोड कार्य निदेशालय, प्रारम्भिक शिक्षा / माध्यमिक शिक्षा के सिस्टम एनॉलिस्ट के माध्यम से माइक्रोवेब पेज पर किया जाएगा।
7. राज्य की गतिविधियों के संचालन हेतु प्रत्येक विद्यालय में EBSB क्लब का गठन करना है। क्लब के माध्यम से विद्यालय की एक्टिविटी– निबंध/कविता/चर्चा की क्रियान्विति की जाएगी।

20. ब्लॉक स्तर द्वारा सभी विद्यालयों में EBSB क्लब द्वारा गतिविधियां निम्नानुसार करवायी जानी है:–

| क्र. सं. | गतिविधियां | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | असम की कला से संबंधित श्रृंखला | 1.त्रैमासिक<br>2.राज्य के सेकण्डरी विद्यालय |
| 2. | ऑनलाइन/ऑफलाइन निबंध/कविता/ चित्रकला प्रतियोगिता | दैनिक थीमः–<br>पेन्टिग/ड्राइंग/निबंध/कविता/पैराग्राफ/गीत/ थीम मेकिंग/राष्ट्रगीत आदि<br>निबंध/पैराग्राफ/कविता की भाषा जो बच्चे समझ सके |
| 3. | कक्षावार केटेगरी | EBSB की क्रियान्विति हेतु चार केटेगरी होगी:–<br>प्राथमिक ( कक्षा 1–5 )<br>उच्च प्राथमिक ( कक्षा 6–8 )<br>माध्यमिक ( कक्षा 9–10 )<br>उच्च माध्यमिक ( कक्षा 11–12 ) |

| क्र. सं. | गतिविधियां | विवरण |
|---|---|---|
| 4 | कला अभिव्यक्ति | विद्यार्थी द्वारा लिखना / चित्र बनाना / पेन्टिंग करना आदि एवं असम की संस्कृति का अध्ययन करना । डिजिटल माध्यम से शिक्षक द्वारा मार्गदर्शन किया जाएगा। |
| 5. | भागीदारी | • सभी विद्यार्थी कक्षा 1 से 12 के प्रतिभागी रहेंगे।<br>• विद्यार्थी मेहमान राज्य में भी जाकर कला प्रदर्शित कर सकेंगे। |

21. विद्यालयों द्वारा क्रियान्विति (Action To Be Taken By Schools)

राज्य के विद्यार्थियों की 'एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी विद्यालयों में वर्ष पर्यन्त विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। यह आयोजन दैनिक होगा एवं इसकी मासिक रिपोर्ट ब्लॉक कार्यालय को प्रत्येक माह की दिनांक 25 तक ई. मेल द्वारा प्रेषित की जायेगी। ऐसी गतिविधियों का विस्तृत विवरण जो कम या शून्य लागत और उच्च दृश्यता की हैं, निम्नानुसार है:-

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' (EBSB) गतिविधियाँ-

1 युग्म राज्य असम की भाषा में वर्ण, गीत, कहावत तथा 100 वाक्यों में विद्यार्थी की अभिव्यक्ति को प्रोत्साहन देना :- विद्यालय प्रार्थना सभा में, गृहकार्य के रूप में, अन्य साप्ताहिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों में असम राज्य के वर्ण, गीतों कहावतों एवं रोजमर्रा के 100 वाक्यों के उपयोग के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना।

2 युग्म राज्य असम की भाषा में विद्यार्थियों के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन :- असम राज्य की भाषा में विधार्थियों के मध्य स्कूल स्तर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाये।

3 स्कूलों में वैकल्पिक भाषा कक्षाओं का संचालन :- स्कूलों में युग्म राज्य की भाषा को सीखने के लिये वैकल्पिक भाषा कक्षाओं का संचालन जहां संभव हो, किया जाए। साथी राज्य की भाषा सिखाने वाले शिक्षकों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र भी दिये जा सकते हैं।

4 युग्म राज्य (असम) के इतिहास, संस्कृति तथा परम्पराओं पर नाटक मंचन (Stage Play) करवाना:- असम की संस्कृति एवं इतिहास में भागीदारी, परम्पराओं पर स्कूलों में नाटक का मंचन करवाया जाये।

5 थीम्ड डिस्प्ले बोर्ड तथा भित्ति चित्रण:- असम के ऐतिहासिक स्मारकों, वेशभूषा, पेंटिंग, हस्तशिल्प व संस्कृति पर विद्यार्थियों से अपने विचार व्यक्त करने तथा उन विचारों को दीवार व थीम्ड डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित करने के लिये प्रेरित करना ।

6 प्रभारी शिक्षक की नियुक्ति तथा सहयोगी राज्य की भाषा में संक्षिप्त लेखन अभ्यास करवाया जाना:- 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' गतिविधि करने के लिये विद्यालय में नियुक्त प्रभारी शिक्षक द्वारा निर्धारित दिवस पर सहयोगी राज्य की भाषा में भागीदारी के लिये पहले अपने राज्य की भाषा तत्पश्चात युग्म राज्य की भाषा में 'स्वच्छ भारत, एकल उपयोग प्लास्टिक, पानी की बचत, राष्ट्रीय एकता, प्रतिज्ञा इत्यादि' लिखा जाये।

7 युग्म-राज्य दिवस समारोह का आयोजन:-युग्म राज्य (असम) का 'राज्य दिवस'(2 दिसम्बर) विद्यालय में मनाया जाये, जिसमें युग्म राज्य के समूह नृत्य, समूह गायन, युग्म राज्य पर भाषण, कविता इत्यादि गतिविधियाँ विद्यार्थियों द्वारा की जायेंगी।

8 सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजन :- 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस), 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) या किसी अन्य दिवस पर विद्यालय में 'सांस्कृतिक प्रतियोगिता' का आयोजन किया जाये, जिसमें लोक गीत, नृत्य कला, पेंटिंग, संगीत एवं साथी राज्य के सांस्कृतिक पक्षों पर गतिविधियाँ आयोजित हों।

9 टॉकिंग ऑवर तथा युग्म राज्य की न्यूज का वाचन :- स्कूल अपनी सुबह की प्रार्थना सभा को इस तरह से व्यवस्थित करेंगे जिसमें समाचार का समय (टॉकिंग आवर) निर्धारित होगा, जिसमें शिक्षक व छात्र भागीदार राज्यों की वर्तमान घटनाओं या किसी अन्य विषय जैसे राष्ट्रीय प्रतीक, समाज सुधारक या प्रसिद्ध व्यक्तित्व जो राज्य के लिए महत्वपूर्ण है, पर संक्षिप्त बातचीत करेंगे। प्रभारी शिक्षक द्वारा प्रबोधन किया जायेगा।

10 'अपने युग्म राज्य को जानें' प्रश्न-उत्तर सत्र का आयोजन :-स्कूल एक तरह से प्रश्न-उत्तर सत्र आयोजित करेंगे जिसमें विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। यह सत्र महीने के अंत में आयोजित किया जाएगा। सुबह की सभा के दौरान एक शिक्षक सभी विद्यार्थियो से राज्य से सम्बन्धित कुछ प्रश्न पूछ सकता है और विद्यार्थी इन प्रश्नों का उत्तर देंगे। उदाहरणार्थ :-

i. राज्य के साझेदारी के नाम का शाब्दिक अर्थ क्या है?

ii. पार्टनरिंग स्थिति में कौन सी भाषाएं बोली जाती हैं?
iii. साझेदारी वाले राज्य की राजधानी क्या है?
iv. राज्य की जनसंख्या कितनी है?
v. वे कौन–सी प्रमुख नदियाँ हैं जो भागती हुई अवस्था में बहती हैं?
vi. उत्सव मनाने की स्थिति में कौन से त्यौहार मनाए जाते हैं?
राज्य में महत्वपूर्ण स्थान कौन से हैं?(राष्ट्रीय उद्यान, धरोहर या ऐतिहासिक स्थल आदि)
vii. राज्य पशु/पक्षी क्या है?

11 साहित्यिक उत्सव का आयोजन :– विद्यालय स्तर पर वर्ष में कम से कम एक बार साहित्यिक उत्सव का आयोजन किया जायेगा जिसमे विद्यार्थियों के मध्य विभिन्न विषयों यथा कविता, भाषण, वाद–विवाद, लोकप्रिय क्षेत्रीय लिपि का अनुवाद, ड्राइंग गतिविधियों/प्रतियोगिताएँ आयोजित की जायेंगी। सभी गतिविधियाँ/प्रतियोगिताएँ द्विभाषी होंगी। प्रत्येक आयोजन के लिये अलग–अलग शिक्षक प्रभारी मनोनीत किये जाएं एवं संस्था प्रधान आयोजन की मॉनिटरिंग करें।

12 राज्य परियोजना विद्यार्थी नोटबुक संधारण एवं मूल्यांकन:– 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अन्तर्गत विद्यालय के विद्यार्थी एक 'राज्य परियोजना नोटबुक' बनाएगा जिसमें विद्यार्थी महत्वपूर्ण तथ्यों, बुनियादी ज्ञान, आत्म परिचय, ऐतिहासिक स्थान, राज्य के स्वदेशी खेल, राज्य के बारे में महत्वपूर्ण एवं रोचक जानकारी का नोटबुक में संधारण करेगा। विद्यार्थियों का मूल्यांकन उनके द्वारा तैयार नोटबुक के आधार पर किया जायेगा। श्रेष्ठ लेखन करने वाले तीन विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र/स्मृति चिह्न से सम्मानित किया जाये।

13 इसके अलावा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम' के तहत संचालित गतिविधियों का पर्याप्त प्रचार–प्रसार किया जाए और बड़े समुदाय तक पहुंचने के लिए नए और प्रभावी तरीकों का इस्तेमाल किया जाए।

14 दैनिक/साप्ताहिक/पाक्षिक गतिविधियां :–
असमिया भाषा में प्रतिदिन संक्षिप्त प्रार्थना करवायें। असमिया भाषा के वाक्य और कहावतों का प्रार्थना सभा में प्रति–सप्ताह वाचन करवायें। असमिया भाषा के समाचार पत्र के एक पेज का वाचन 15 दिनों में एक बार करवाया जाये।

1. बालसभा :– बाल सभा में असम की संस्कृति को प्रतिबिम्बित करने वाले कार्यक्रम जैसे नृत्य, नाटक, संगीत, कला आदि को शामिल किया जाना चाहिए। असम के खेल विद्यार्थियों के साथ खेले जाने चाहिए।
2. स्थाई गतिविधि :– स्कूल की दीवार और भित्ति–पत्रिका पर असम की कला एवं संस्कृति का चित्रण किया जा सकता है।
3. प्रोत्साहन/पुरस्कार :– 'एक भारत श्रेष्ठ भारतकार्यक्रम' में अच्छे प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहन हेतु विद्यालय स्तर पर बैज, प्रशंसा–पत्र, स्मृति चिह्न आदि से सम्मानित किया जा सकेगा।

22. EBSB–सामाजिक दूरी के साथ EBSB की गतिविधियों हेतु निर्देशः–
कोविड–19 महामारी के दौरान विद्यार्थियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए विद्यालयों को **पाबंद किया जाता** है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, गृह मंत्रालय एवं शिक्षा मंत्रालय के विद्यालय **re-open** के दिशा–निर्देशों की पालना सख्ती के साथ की जावे।
राज्य के विद्यालयों द्वारा कोविड–19 की अवधि को दृष्टिगत निम्नांकित मानदण्डों की पालना की जाएगीः–

- ICT प्रथम/द्वितीय/तृतीय/चतुर्थ/पंचम चरण के विद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि डिजिटल method के साथ विद्यार्थियों की EBSB गतिविधियां संचालित की जावें। उदाहरण के लिए विद्यालयों में विद्यार्थी के घर से सोशल मीडिया के माध्यम से EBSB एक्टिविटी ऑनलाइन करवा सकते हैं।
- ऐसे विद्यालय, जो कोविड के पश्चात् re-open हो गए हैं एवं विद्यार्थी physically उपस्थित होते हैं, उन विद्यालयों को सलाह दी जाती है कि सामाजिक दूरी, मास्क लगाना, हाथ स्वच्छता एवं 'दो गज की दूरी, है बहुत जरूरी' की पालना की जाए।
- विधिवत रूप से विद्यालय खुलने पर ऑफलाइन सभी विद्यालयों में (राउप्रावि/रामावि/राउमावि बालिका सहित ) EBSB के तहत निबंध लेखन, पत्र लेखन, भित्ति पत्रिका, कला–आधारित अधिगम, खेल–आधारित अधिगम, क्विज गतिविधियों का आयोजन कक्षा कक्ष अथवा विद्यालय मैदान आदि में कराया जा सकता है।
- EBSB गतिविधियों का आयोजन स्वास्थ्य सुरक्षा सम्बन्धी नियमों का पालन करते हुए सामाजिक दूरी के साथ वृहद समूह गतिविधि करायी जा सकती है।
- कोविड–19 की स्थिति सामान्य होने पर ही सांस्कृतिक/साहित्यिक मेले/EBSB Day/विद्यार्थी भ्रमण/फील्ड भ्रमण आदि को क्रियान्वित किया जावे।

- EBSB गतिविधियों के आयोजनार्थ विद्यार्थियों की संख्या एवं क्षेत्र के अनुसार एक्टिविटी का निर्धारण किया जावे।
- कोविड–19 के दौरान निम्नांकित ऑनलाइन गतिविधियां आयोजित की जा सकती हैं :–

1. जोड़ी राज्यों के साथ वार्ता
2. प्रश्नोत्तरी अवधि
3. स्वच्छता/सिंगल यूज प्लास्टिक/पानी बचाओ/राष्ट्रीय एकता आदि की शपथ जोड़ी राज्यों की भाषा में ली जा सकती है।
4. अभिव्यक्ति ( भाषा ) श्रृंखला
5. जोड़ी राज्यों ( असम–राजस्थान ) के डिजीटल फोटो/कोलाज बनाना।
6. असम व राजस्थान की प्रोजेक्ट नोटबुक बनाना।
7. असम–राजस्थान से सम्बन्धित online क्विज का आयोजन।
8. EBSB Talk by Teachers वार्ता
9. जोड़ी राज्यों की संस्कृति पर वेबिनार का आयोजन।
10. जोड़ी राज्यों द्वारा सूचना साझा करना
11. लोक नृत्य असम 'बिहू' एवं लोक नृत्य 'घूमर' को ऑनलाइन virtual mode पर साझा करना।
12. असम राज्य दिवस 2 दिसम्बर एवं राजस्थान स्थापना दिवस 30 मार्च को virtual mode पर मनाना।
13. Pen Pals /e-Pen pals
14. जोडी राज्यों के अपरिचित मित्र को खुला पत्र लिखना।

इन गतिविधियों से न केवल युग्म राज्य के ज्ञान का संवर्धन होगा बल्कि भागीदार राज्य के छात्रों के बीच प्रगाढ़ सम्बन्ध विकसित होंगे। इन गतिविधियों को स्कूल की नियमित गतिविधियों में एकीकृत किया जाना चाहिए। स्कूलों में इन गतिविधियों काआयोजन शैक्षिक कैलेंडर को ध्यान में रखते हुए किया जाना आवश्यक है। इसके अलावा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम' के तहत संचालित गतिविधियों का पर्याप्त प्रचार–प्रसार किया जाए और बड़े समुदाय तक पहुंचने के लिए नए और प्रभावी तरीकों का इस्तेमाल किया जाए।

नोट:– ये गतिविधियाँ सुझावात्मक हैं। विद्यालय, ब्लॉक अथवा जिला कार्यक्रम के उद्देश्यों के अनुरूप अन्य व्यावहारिक गतिविधियों को भी कार्यक्रम में सम्मिलित किया जा सकता है।

23. <u>गतिविधियों की रिपोर्ट</u>

स्कूलों को एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत संचालित गतिविधियों की प्रभारी शिक्षक द्वारा मासिक रिपोर्ट संधारण करना अत्यंत आवश्यक होगा। इस क्रम में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मासिक एवं त्रैमासिक रिपोर्ट को राज्य नोडल अधिकारी को कम से कम दो फोटो और एक लघु वीडियो क्लिप के साथ ईमेल आई.डी.ebsb.rajasthan@gmail.comसाझा की जायेगी।

24. <u>रिपोर्ट संधारण :–</u>

विद्यालयों द्वारा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की विद्यालय स्तर पर दैनिक, मासिक, त्रैमासिक तथा विस्तृत वार्षिक रिपोर्ट तैयार की जायेगी। ब्लॉक कार्यालय द्वारा मासिक, त्रैमासिक व वार्षिक रिपोर्ट जिला स्तर पर प्रेषित की जायेगी। जिला स्तर द्वारा उक्त अवधि की रिपोर्ट क्रमानुसार राज्य नोडल अधिकारी को कम से कम दो फोटो और एक लघु वीडियो क्लिप के साथ ebsb.rajasthan@gmail.com पर साझा की जायेगी। तैयार वार्षिक रिपोर्ट शाला के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा करें।

25. EBSB कार्यक्रम का समन्वय तथा दायित्व :–

| स्तर | नोडल अधिकारी अथवा प्रभारी | दायित्व |
|---|---|---|
| राज्य | अतिरिक्त निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर | राज्य में गतिविधियों का समन्वय तथा सम्बद्ध राज्य के साथ समन्वय |
| आरएससीईआरटी | आरएससीईआरटी द्वारा नामित अधिकारी | सम्बद्ध राज्य एवं स्वयं के राज्य से सम्बन्धित अध्ययन सामग्री का निर्माण, राज्य स्तरीय गतिविधि का निर्माण एवं आयोजन, सांस्कृतिक मैपिंग |
| निदेशालय, प्रारम्भिक शिक्षा | सहायक निदेशक, एसआईक्यूई अनुभाग | राज्य नॉडल अधिकारी के सहायक, अन्य समस्त नॉडल अधिकारियों से समन्वय आदेश/निर्देश जारी करना एवं राज्य स्तर पर अपलोड करना |
| निदेशालय, माध्यमिक शिक्षा | उप निदेशक (माध्यमिक) | माध्यमिक शिक्षा के विद्यालयों में क्रियान्विति हेतु आदेश/ निर्देश जारी करना एवं समन्वय |

| स्तर | नोडल अधिकारी अथवा प्रभारी | दायित्व |
|---|---|---|
| राजस्थान स्कूलशिक्षा परिषद | उप निदेशक (गुणवत्ता अनुभाग) | भारत सरकार के साथ समन्वय एवं तदनुरूप आदेश/निर्देश जारी करना, एडीपीसी को रिपोर्टिंग के लिए पाबन्द करना। |
| तकनीकी नॉडल अधिकारी | निदेशालय में कार्यरत मनोनीत प्रोग्रामर | माइक्रो वैब पेज का निर्माण एवं संधारण (यथा गतिविधियों एवं फोटोग्राफ्स अपलोड करना) |
| जिला स्तर | मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी | जिले में गतिविधियों का प्रबोधन एवं सूचना मय गतिविधियों के फोटोग्राफ्स का संकलन एवं अग्रेषण |
| ब्लॉक स्तर पर | मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी | ब्लॉक में गतिविधियों का प्रबोधन एवं सूचना मय गतिविधियों के फोटोग्राफ्स का संकलन एवं अग्रेषण |
| विद्यालय स्तर | 1 संस्था प्रधान – नॉडल अधिकारी 2 प्रभारी EBSB– मनोनीत शिक्षक | विद्यालय में कार्यक्रम की गतिविधियों के संचालन हेतु EBSB Club का गठन करना, विद्यालय में आयोजित गतिविधियों की सूचना एवं फोटोग्राफ्स को निर्धारित मेल आई. डी. पर भेजना, विद्यालय की पत्रिका/शिक्षा विभागीय पत्रिका एवं विभाग के माइक्रो वैब पेज पर अपलोड करने हेतु भिजवाना। |

उपरोक्त की पालना शतप्रतिशत सुनिश्चित करावें।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस
निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा एवं
प.राज(प्रा.शि.) विभाग
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक: शिविरा/प्रारं/एसआईक्यूई/EBSB/19571/2021/1200 दिनांक 16/4/2021

प्रतिलिपि :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. आयुक्त, स्कूल शिक्षा, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा एवं अतिरिक्त आयुक्त, राजस्थान शिक्षा परिषद्, जयपुर।
4. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा विभाग, राजस्थान, बीकानेर।
5. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर।
6. निदेशक, शैक्षिक प्रौद्योगिकी विभाग (ई.टी.सैल), राजस्थान, अजमेर।
7. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त।
8. जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक ( मुख्यालय )
9. जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक ( मुख्यालय )
10. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समस्त।
11. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समस्त।
12. वरिष्ठ संपादक 'शिविरा', प्रकाशन अनुभाग, कार्यालय हाजा ।
13. सिस्टम एनॉलिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वैबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
14. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
15. रक्षित पत्रावली।

निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा एवं
प.राज(प्रा.शि.) विभाग
राजस्थान, बीकानेर